भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.07.2024 के
तारांकित प्रश्न सं. 30 का उत्तर

तुगलकाबाद स्टेशन पर रेलगाड़ियों का ठहराव

***30. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) **क्या दिल्ली के तुगलकाबाद स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस (19019 एवं 19020) एवं फिरोजपुर और मुंबई के बीच चलने वाली जनता एक्सप्रेस (19023 एवं 19024) का ठहराव कोविड काल के दौरान बंद कर दिया गया था;**

(ख) **यदि हां, तो क्या सरकार का लोगों के समक्ष आ रही कठिनाइयों को देखते हुए तुगलकाबाद स्टेशन पर उक्त रेलगाड़ियों के ठहराव को पुनः बहाल करने का विचार है; और**

(ग) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?**

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

तुगलकाबाद स्टेशन पर रेलगाड़ियों के ठहराव के संबंध में दिनांक 24.07.2024 को लोक सभा में श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के तारांकित प्रश्न सं. 30 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग) : अनुरक्षण गलियारा रेलखंड का निर्माण करके बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने, मौजूदा समय सारणी में विसंगतियों को कम करने और रेलगाड़ी सेवाओं की गति बढ़ाने के उद्देश्य से, भारतीय रेल द्वारा आईआईटी - मुंबई की सहायता से वैज्ञानिक तरीके से गाड़ी सेवाओं और ठहरावों के युक्तिकरण सहित समय सारणी का युक्तिकरण शुरू किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत 19023/19024 मुंबई - फिरोजपुर जनता एक्सप्रेस और 19019/19020 बांद्रा (टी) - हरिद्वार एक्सप्रेस के तुगलकाबाद स्टेशन पर ठहराव को समाप्त कर दिया गया है। तुगलकाबाद के यात्री फरीदाबाद (10 किलोमीटर) और हजरत निजामुद्दीन (11 किलोमीटर) से 19019/19020 बांद्रा (टी) - हरिद्वार एक्सप्रेस गाड़ी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

*****

s.k